2 सितम्बर 2018, कुल पृष्ठ : 8, मूल्य : 2/- आर. एन. आई. 31109/77 JaipurCity / 224 / 2018-20

जैन
# पथप्रदर्शक

ए-4, बापूनगर, जयपुर - 302015 (राज.)

नैतिक एवं सामाजिक चेतना का अग्रदूत निष्पक्ष पाक्षिक

डॉ. हुकमचन्दजी भारिल्ल के व्याख्यान प्रतिदिन अब आधे घंटे जिनवाणी चैनल पर

जिनवाणी JINVANI सुख, शान्ति, समृद्धि प्रतिदिन

प्रात: 6.30 से 7.00 बजे तक

वर्ष : 41, अंक : 11 सम्पादक : **पण्डित रतनचन्द भारिल्ल** आजीवन शुल्क : 251 रुपये

सितम्बर (प्रथम), 2018 (वीर नि. संवत्-2544) सह-सम्पादक : **डॉ. संजीवकुमार गोधा व पण्डित परमात्मप्रकाश भारिल्ल** वार्षिक शुल्क : 25 रुपये

**ज्ञानतीर्थ श्री टोडरमल स्मारक भवन में –**

## 41वाँ आध्यात्मिक शिक्षण शिविर सानन्द संपन्न

**जयपुर (राज.) :** यहाँ ज्ञानतीर्थ श्री टोडरमल स्मारक भवन में पण्डित टोडरमल सर्वोदय ट्रस्ट द्वारा दिनांक 12 से 21 अगस्त 2018 तक 41वाँ आध्यात्मिक शिक्षण शिविर अनेक मांगलिक आयोजनों सहित सम्पन्न हुआ। **(उद्घाटन सभा के समाचार 17 अगस्त के अंक में प्रकाशित किये जा चुके हैं।)**

**प्रवचन –** शिविर में प्रतिदिन प्रात:काल ख्यातिप्राप्त तार्किक विद्वान डॉ. हुकमचंदजी भारिल्ल के '**आत्मानुभूति का उपाय**' विषय पर मार्मिक प्रवचन हुये। डॉ. भारिल्ल के प्रवचनों के पूर्व गुरुदेवश्री कानजीस्वामी के सी.डी. प्रवचन एवं प्रश्नोत्तर हुए।

रात्रिकालीन प्रवचनों में प्रतिदिन ब्र.सुमतप्रकाशजी खनियांधाना द्वारा '**पांच भाव**' विषय पर प्रवचनों के पूर्व पण्डित अभयकुमारजी शास्त्री, पण्डित शैलेषभाई तलोद, डॉ. शांतिकुमारजी पाटील, डॉ. संजीवकुमारजी गोधा, पण्डित विपिनजी शास्त्री मुम्बई, पण्डित परमात्मप्रकाशजी भारिल्ल, पण्डित पीयूषजी शास्त्री जयपुर, पण्डित अध्यात्मप्रकाशजी भारिल्ल आदि विशिष्ट विद्वानों के व्याख्यानों का लाभ मिला।

**शिक्षण कक्षायें – द्रव्य-परिचय** पर ब्र. सुमतप्रकाशजी खनियांधाना द्वारा, **पुरुषार्थ से मोक्षप्राप्ति** विषय पर पण्डित अभयकुमारजी शास्त्री देवलाली द्वारा, **समयसार (गाथा 3-5)** पर पण्डित शान्तिकुमारजी पाटील जयपुर द्वारा, **क्रमबद्धपर्याय** पर डॉ. संजीवकुमारजी गोधा जयपुर एवं **गुणस्थान विवेचन** पर डॉ. प्रवीणजी शास्त्री बांसवाड़ा द्वारा कक्षायें ली गईं।

प्रात: 5.30 से पण्डित कमलचन्दजी पिड़ावा, पण्डित सुरेशचंदजी टीकमगढ, पण्डित सिद्धार्थजी दोशी रतलाम, पण्डित शिखरचंदजी विदिशा द्वारा ली गई प्रौढ कक्षा के तत्काल बाद जिनवाणी चैनल पर डॉ. भारिल्ल एवं अरिहंत चैनल पर गुरुदेवश्री कानजीस्वामी के प्रवचन का प्रसारण प्रवचन हॉल में प्रोजेक्टर द्वारा हुआ।

दोपहर में बाबू युगलजी के सी. डी. प्रवचन के पश्चात् महाविद्यालय के छात्र विद्वानों द्वारा प्रवचन हुये। तत्पश्चात् व्याख्यानमाला के अन्तर्गत दो विद्वानों के प्रवचन का लाभ मिलता था, जिनमें डॉ. दीपकजी जैन 'वैद्य', डॉ. नरेन्द्रकुमारजी शास्त्री जयपुर, पण्डित स्वानुभवजी अहमदाबाद, पण्डित संजयजी सेठी, डॉ. राजेन्द्रजी बंसल अमलाई, पण्डित अनेकान्तजी भारिल्ल, पण्डित जिनकुमारजी शास्त्री, डॉ. शुद्धात्मप्रभा टडैया मुम्बई, पण्डित धर्मेन्द्रजी शास्त्री कोटा, पण्डित गणतंत्रजी शास्त्री आगरा, पण्डित प्रमोदजी शास्त्री शाहगढ आदि विद्वानों के प्रवचनों का लाभ मिला।

सायंकाल बालकक्षायें डॉ.शुद्धात्मप्रभा टडैया मुम्बई के निर्देशन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा चलाई गई।

शिविर में आयोजित 'श्री समयसार महामंडल विधान' एवं डॉ. भारिल्ल द्वारा नवनिर्मित 'श्री 24 तीर्थंकर विधान' के समस्त कार्य डॉ. शांतिकुमारजी पाटील के निर्देशन में पण्डित रूपेन्द्रजी शास्त्री जयपुर, जिनेन्द्रजी शास्त्री जयपुर, अनेकान्तजी शास्त्री रहली, वीकेशजी शास्त्री खड़ैरी एवं रजतजी शास्त्री जयपुर के सहयोग से हुये।

शिविर के समापन समारोह में श्री परमात्मप्रकाशजी भारिल्ल ने सभी विद्वानों एवं साधर्मियों का आभार प्रदर्शन किया। शिविर में 28 विद्वानों के माध्यम से लगभग 1000-1200 साधर्मियों ने प्रतिदिन 16 घंटे तक चलने वाले तत्त्वज्ञान के कार्यक्रमों का लाभ लिया। हजारों घंटों के सी.डी./डी.वी.डी. प्रवचन तथा हजारों रुपयों का सत्साहित्य घर-घर पहुंचा। ●

**पण्डित टोडरमल सर्वोदय ट्रस्ट, जयपुर द्वारा**
**ज्ञानतीर्थ श्री टोडरमल स्मारक भवन जयपुर में**

**21वाँ आध्यात्मिक शिक्षण-शिविर**

**(शुक्रवार, दिनांक 5 अक्टूबर से शुक्रवार 12 अक्टूबर, 2018 तक)**

**डॉ. हुकमचंदजी भारिल्ल के निर्देशन में आयोजित उक्त शिविर में विशेषज्ञ विद्वानों के प्रवचनों एवं कक्षाओं के माध्यम से जैनदर्शन के विविध विषयों का गहराई से अध्ययन/अध्यापन किया जायेगा। अत: अन्य शिविरों से पृथक् यह शिविर जैनदर्शन के सूक्ष्म अध्ययन के इच्छुक जिज्ञासुओं के लिये एक स्वर्ण अवसर होगा।**

**आप सभी को शिविर में पधारने हेतु हार्दिक आमंत्रण है।**

**नोट :** कृपया अपने आगमन की पूर्व सूचना अवश्य देवें।

**संपर्क –** पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट, ए-4, बापूनगर, जयपुर (राज.) फोन : 0141-2705581, 2707458 **E-mail : ptstjaipur@yahoo.com**

सम्पादकीय –

# ऐसे क्या पाप किये?

16

– पण्डित रतनचन्द भारिल्ल

(गतांक से आगे...)

सर्वज्ञता से क्रमबद्ध पर्याय का अत्यन्त घना सम्बन्ध है अतः क्रमबद्धपर्याय का स्वरूप भी जानना ही होगा।

यद्यपि 'क्रमबद्धपर्याय' स्वतः संचालित अनादि-निधन सुव्यवस्थित विश्व-व्यवस्था का एक ऐसा सैद्धान्तिक नाम है; जो अनन्तानन्त सर्वज्ञ भगवन्तों के ज्ञान में तो अनादि से है ही, उनकी दिव्यध्वनि से उद्‌भूत द्वादशांग वाणी में भी सर्वत्र विद्यमान है। इसे चारों अनुयोगों में सर्वत्र देखा, खोजा जा सकता है। बस, देखने के लिए निष्पक्ष शोधपरक दृष्टि चाहिए।

गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के शब्दों में यदि कहा जाए तो बापू! वाद-विवाद से पार पड़े, यह ऐसी वस्तु नहीं है। इसे समझने के लिए तो निष्पक्ष शोध-खोजपरक दृष्टि की जरूरत है।

जैनदर्शन के इस मूलभूत सिद्धान्त पर हम मूल दिगम्बरों का सदियों से ध्यान ही नहीं था, जबकि यह जैनदर्शन का प्राण है; इसके बिना जैनदर्शन के अस्तित्व की कल्पना भी सम्भव नहीं है और सर्वज्ञता इसका ठोस आधार है। जन-साधारण की तो बात ही क्या कहें? न्यायशास्त्रों के विशेषज्ञों और उनमें भी सर्वज्ञसिद्धि प्रकरण के अध्ययन/अध्यापन में सतत लगे रहनेवाले अधिकांश न्यायविदों का भी इस ओर ध्यान नहीं गया। ज्ञानस्वभाव एवं ज्ञेयस्वभाव की स्वतंत्रता का इससे प्रबल प्रमाण और क्या हो सकता है?

(क्रमशः)

## डॉ. भारिल्ल के आगामी कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| 6 से 13 सित. | मुम्बई (अध्यात्म स्टडी सर्किल) | श्वेताम्बर पर्यूषण |
| 14 से 25 सित. | बेलगांव (कर्नाटक) | दशलक्षण महापर्व |
| 5 से 12 अक्टू. | जयपुर | शिक्षण शिविर |
| 16 से 21 अक्टू. | पोन्नूर | तमिलनाडु तीर्थयात्रा |
| 31 अक्टूबर | मुम्बई | शिखरजी यात्रा कार्यक्रम |
| 4 से 8 नवम्बर | देवलाली | दीपावली |

अ.भा. जैन युवा फैडरेशन राजस्थान का –

# प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

**जयपुर (राज.) :** यहाँ टोडरमल स्मारक भवन में आध्यात्मिक शिक्षण शिविर के अवसर पर 19 अगस्त को अ.भा.जैन युवा फैडरेशन राजस्थान का प्रांतीय अधिवेशन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जिनेन्द्रजी शास्त्री उदयपुर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. हुकमचंदजी भारिल्ल उपस्थित थे। साथ ही पण्डित अभयकुमारजी शास्त्री देवलाली, श्री परमात्मप्रकाशजी भारिल्ल, श्री शुद्धात्मप्रकाशजी भारिल्ल, डॉ. संजीवकुमारजी गोधा, पण्डित शिखरचंदजी विदिशा, पण्डित पीयूषजी शास्त्री जयपुर, डॉ. प्रवीणजी शास्त्री बांसवाड़ा, डॉ. शुद्धात्मप्रभा टडैया मुम्बई आदि महानुभाव उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिनेन्द्रजी शास्त्री के स्वागत भाषण के उपरान्त श्री परमात्मप्रकाशजी एवं श्री शुद्धात्मप्रकाशजी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. भारिल्ल ने फैडरेशन की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला।

सभा में अ.भा.जैन युवा फैडरेशन राजस्थान प्रांत की नवीन कार्यकारिणी की एवं अक्टूबर शिविर में राजस्थान की जैन प्रतिभाओं का सम्मान करने की घोषणा हुई।

कार्यक्रम का मंगलाचरण अंकितजी शास्त्री लूणदा, स्वागत गीत कु.विशुद्धि जैन जयपुर, संचालन डॉ. महावीरप्रसादजी शास्त्री उदयपुर एवं आभार प्रदर्शन संजयजी सेठी जयपुर ने किया।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

**जयपुर (राज.) :** यहाँ टोडरमल स्मारक भवन में चल रहे शिक्षण शिविर के अवसर पर दिनांक 16 अगस्त को अ. भा. दिगम्बर जैन विद्वत्परिषद् के तत्त्वावधान में '**जिन अध्यात्म के प्रतिष्ठापक आचार्य कुन्दकुन्द**' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विद्वत्परिषद् के अध्यक्ष डॉ. हुकमचंदजी भारिल्ल ने की।

इस अवसर पर पण्डित शिवचरणलालजी मैनपुरी, पण्डित विनोदकुमारजी रजवास, डॉ. पी.सी. रांवका जयपुर, डॉ. राजीवजी प्रचण्डिया अलीगढ, डॉ. अनिलकुमारजी जैन अहमदाबाद, डॉ. शांतिकुमारजी पाटील जयपुर तथा डॉ. संजीवकुमारजी गोधा जयपुर ने विविध पक्षों पर अपने विचार रखे।

समागत अतिथियों का सम्मान संयुक्त मंत्री डॉ. शांतिकुमारजी पाटील जयपुर ने किया। समारोह में डॉ. राजेन्द्रजी बंसल अमलाई, डॉ. बी.एल.सेठी आदि महानुभाव भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में ब्र.रायमलजी कृत 'ज्ञानानन्द श्रावकाचार' तथा ब्र. हेमचंद्रजी हेम द्वारा रचित 'पंच समवाय चर्चा' का विमोचन किया गया।

सभा का संचालन महामंत्री श्री अखिलजी बंसल द्वारा किया गया।

**पूज्य गुरुदेवश्री कानजीस्वामी के समस्त ऑडियो – वीडियो, प्रवचन साहित्य एवं अन्य अनेक जानकारियों के लिये अवश्य देखें–**

**वेबसाइट – www.vitragvani.com**

**संपर्क सूत्र–श्री कुन्दकुन्द कहान पारमार्थिक ट्रस्ट, मुम्बई**

**Ph. : 022-26130820, 26104912, E-Mail - info@vitragvani.com**

**ये सभी प्रवचन सामग्री अब vitragvani एप पर भी उपलब्ध है।**

# दशलक्षण महापर्व में धर्म प्रभावनार्थ कहाँ-कौन ?

**पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 14 सितम्बर 2018 से प्रारम्भ हो रहे दशलक्षण महापर्व में समाज के आमंत्रण पर तत्त्वप्रचारार्थ विद्वान भेजे जा रहे हैं। पर्व के प्रारंभ होने में लगभग 16 दिन का समय शेष है, तथापि दिनांक 29 अगस्त 2018 तक हमारे पास 502 स्थानों से आमंत्रण प्राप्त हो चुके हैं और अभी भी अनेक स्थानों से आमंत्रण प्राप्त हो रहे हैं। दिनांक 29 अगस्त 2018 तक लिये गये निर्णयानुसार अब तक लगभग 471 स्थानों पर ही विद्वान निश्चित हो सके हैं; शेष स्थानों पर विद्वान निश्चित करना बाकी है। अभी तक तैयार सूची यहाँ प्रकाशित की जा रही है –**

**विशिष्ट विद्वान** : 1. **डॉ. हुकमचन्दजी भारिल्ल जयपुर :** बेलगांव, 2. **पण्डित रतनचन्दजी भारिल्ल जयपुर :** जयपुर, 3. **ब्र. यशपालजी जैन जयपुर :** जयपुर, 4. **पण्डित ज्ञानचन्दजी जैन विदिशा :** सोनागिर, 5. **ब्र. सुमतप्रकाशजी जैन खनियांधाना :** उदयपुर (मुमुक्षु मण्डल), 6. **पण्डित विमलप्रकाशजी झांझरी उज्जैन :** सिंगोली, 7. **ब्र. जतीशचन्दजी शास्त्री सनावद :** दिल्ली (आत्मार्थी ट्रस्ट), 8. **ब्र. अभिनन्दनजी शास्त्री खनियांधाना :** सांगली, 9. **पण्डित राजेन्द्रकुमारजी जबलपुर :** दिल्ली (विश्वास नगर), 10. **पण्डित अभयकुमारजी देवलाली :** औरंगाबाद, 11. **ब्र. हेमचन्दजी 'हेम' देवलाली :** करेली, 12. **पण्डित शांतिकुमारजी पाटील जयपुर :** छिन्दवाड़ा, 13. **पण्डित वीरेन्द्रकुमारजी जैन आगरा :** इन्दौर (साधनानगर), 14. **पण्डित शैलेशभाई शाह तलौद :** कोलकाता, 15. **पण्डित राकेशजी शास्त्री नागपुर :** मुम्बई (बोरीवली), 16. **पण्डित अशोकजी लुहाड़िया मंगलायतन :** मंगलायतन, 17. **पण्डित सुनीलजी जैनापुरे राजकोट :** मुम्बई (भायन्दर), 18.**पण्डित पीयूषजी शास्त्री जयपुर :** हिंगोली, 19. **पण्डित अनिलकुमारजी शास्त्री भिण्ड :** भिण्ड (देवनगर), 20.**ब्र. कैलाशचन्द्रजी अचल :** मैनपुरी, 21. **संवेगी केशरीचंदजी धवल :** सूखाजी (तारण-तरण तीर्थक्षेत्र) 22. **डॉ. दीपकजी जैन जयपुर :** भीलवाड़ा (अजमेरों की गोठ), 23. **पण्डित रमेशजी मंगल सोनगढ़ :** ग्वालियर (सोडा का कुआ)।

**विदेश** : 1. **लन्दन :** डॉ. संजीवकुमारजी गोधा जयपुर, 2. **न्यूजर्सी :** पण्डित विपिनजी शास्त्री नागपुर, 3. **अमेरिका :** पण्डित प्रदीपकुमारजी झांझरी, 4. **नैरोबी :** पण्डित अभिषेकजी शास्त्री पालड़ी, 5. **दुबई :** डॉ. नीतेशजी शाह जयपुर, 6. **शिकागो :** पण्डित संजयजी शास्त्री जेवर, 7. **ऑनलाइन :** पण्डित अरूणजी शास्त्री बण्ड जयपुर, 8. **सिएटल :** पण्डित विक्रांतजी शास्त्री सोलापुर, 9. **सेनफ्रांसिस्को (अमेरिका) :** डॉ. वीरसागरजी जैन दिल्ली, 10. **दुबई :** डॉ. सुदीपजी जैन दिल्ली, 11. **सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) :** आराध्य शास्त्री टडैया मुम्बई।

## मध्यप्रदेश प्रांत

1. **इन्दौर (साधनानगर) :** पण्डित वीरेन्द्रकुमारजी आगरा, 2. **करेली :** ब्र. हेमचन्दजी 'हेम' देवलाली, 3. **छिन्दवाड़ा :** डॉ. शान्तिकुमारजी पाटील जयपुर, 4. **जबलपुर :** पण्डित विपिनकुमारजी शास्त्री मुम्बई, 5. **केसली :** पण्डित शिखरचन्दजी विदिशा, 6. **भोपाल (कोहेफिजा) :** पण्डित मनीषजी शास्त्री बरेली इन्दौर, 7. **अशोकनगर :** पण्डित देवेन्द्रकुमारजी बिजौलिया, 8-9. **बण्डा :** पण्डित सिद्धार्थजी दोशी रतलाम, पण्डित जे.पी. दोशी रतलाम, 10. **द्रोणगिरी :** डॉ. मानमलजी कोटा, 11-12. **सोनागिर :** पण्डित ज्ञानचन्दजी विदिशा, पण्डित राजकुमारजी शास्त्री गुना, 13. **सोनागिर :** पण्डित विनोदजी चिन्मय विदिशा, 14-15. **सोनागिर :** पण्डित मुकेशजी तन्मय विदिशा, पण्डित रमेशजी लवाण जयपुर, 16. **सिंगोली :** पण्डित विमलप्रकाशजी झांझरी, 17. **बीना :** ब्र. चन्द्रेश भैय्या बीना, 18. **रतलाम (आदिनाथ चैत्यालय) :** विदुषी राजकुमारी दीदी दिल्ली, 19. **गुना (महावीर जिनालय) :** डॉ. महावीरप्रसादजी उदयपुर, 20. **कटनी :** पण्डित रमेशजी शास्त्री जयपुर, 21. **सिवनी :** पण्डित ऋषभजी शास्त्री दिल्ली, 22. **विदिशा (किला अन्दर) :** पण्डित अच्युतकान्त शास्त्री जयपुर, 23. **इन्दौर (पलासिया) :** पण्डित चेतनभाई राजकोट, 24-26. **इन्दौर (रामचन्द्र नगर) :** पण्डित पद्मजी गंगवाल, पण्डित दीपकजी, पण्डित तेजकुमारजी गंगवाल, 27. **इन्दौर (संगम नगर) :** पण्डित अशोकजी शास्त्री रायपुर, 28. **इन्दौर (रामाशा मन्दिर) :** डॉ. नरेन्द्रजी शास्त्री जयपुर, 29. **इन्दौर (ग्रेटर बृजेश्वरी) :** पण्डित लालारामजी एडवोकेट अशोकनगर, 30. **इन्दौर (गांधीनगर) :** पण्डित विवेकजी शास्त्री गौरझामर, 31-32. **इन्दौर (ओम विहार) :** पण्डित अनुभवजी शास्त्री भिण्ड, पण्डित विजयजी शास्त्री सिमरिया, 33. **इन्दौर (वियावानी) :** पण्डित अभिषेकजी शास्त्री सिलवानी, 34. **इन्दौर (सांस्कृतिक भवन) :** पण्डित कार्तिकजी शास्त्री बांदा, 35. **इन्दौर (स्वाध्याय भवन) :** पण्डित गौरवजी शास्त्री इन्दौर, 36. **उज्जैन (क्षीरसागर) :** पण्डित अनुभवजी करेली, 37. **गुना (वीतराग-विज्ञान) :** पण्डित राहुलजी रानीपुर, 38. **भोपाल (चौक) :** पण्डित ज्ञायकजी शास्त्री मुम्बई, 39. **भिण्ड (परमागम मन्दिर) :** डॉ. विवेकजी जैन छिन्दवाड़ा, 40. **खनियांधाना :** पण्डित तपिशजी शास्त्री उदयपुर, 41. **भिण्ड (देवनगर) :** पण्डित अनिलजी शास्त्री भिण्ड, 42. **शहडोल :** पण्डित अनुभवजी शास्त्री खनियांधाना जयपुर, 43. **शाहगढ़ :** पण्डित मनोजजी जैन मुजफ्फरनगर, 44. **सागर (तारण-तरण) :** पण्डित जयकुमारजी कोटा, 45.**सागर (तारण-तरण) कक्षा :** पण्डित अतिशयजी शास्त्री चौरई जयपुर, 46. **मगरौन (तारण-तरण) :** पण्डित दीपकजी शास्त्री बमनपुरा जयपुर, 47. **बीड :** पण्डित राहुलजी शास्त्री हीरापुर कोटा, 48. **मन्दसौर (कालाखेत) :** पण्डित सुरेशचन्दजी गुना, 49. **शहापुर (बुरहानपुर) :** पण्डित वैभवजी शास्त्री खोत बांसवाड़ा, 50. **शुजालपुर सिटी :** पण्डित अक्षयजी शास्त्री सौरई कोटा, 51.**गौरझामर (शांतिनाथ जिनालय) :** पण्डित डॉ. सचिन्द्रजी गढ़ाकोटा, 52.**नरवर :** पण्डित मयंक लखनादौन जयपुर, 53. **रांझी (जबलपुर) :** पण्डित जिनेशजी सेठ शास्त्री मुम्बई, 54. **कुचड़ौद :** पण्डित सत्यमजी शास्त्री सुर्खी जयपुर, 55. **आरोन :** ब्र. प्रतीकजी शास्त्री जबलपुर, 56. **मकरोनिया (सागर) :** पण्डित रितेशजी शास्त्री बांसवाड़ा, 57. **शहापुरा भिटोनी :** पण्डित अंकितजी शास्त्री बण्डा, 58. **नागदा जंक्शन :** पण्डित अंकितजी शास्त्री भगवां जयपुर, 59. **कोलारस (आदिनाथ) :** विदुषी ब्र. ममताजी टीकमगढ, 60. **गौरझामर (नयापुरा) :** पण्डित कमलेशजी शास्त्री मौ, 61. **धार :** पण्डित गोम्मटेशजी शास्त्री हेरले, 62. **राधौगढ :** पण्डित शनिजी शास्त्री खनियांधाना, 63-67. **निसईजी :** पण्डित रतनलालजी होशंगाबाद, विदुषी पुष्पाबेनजी होशंगाबाद, पण्डित सुधीरजी सहयोगी सागर, पण्डित राजकुमारजी सर्राफ सागर, पण्डित

दीपकजी शास्त्री बकस्वाहा, 68. **जबेरा :** पण्डित निर्मलजी एडवोकेट एटा, 69. **शिवपुरी (शांतिनाथ मंदिर) :** पण्डित सुरेशचंदजी बदरवास, 70. **शिवपुरी (परमागम मंदिर) :** पण्डित अरुणजी मोदी सागर, 71. **फुटेरा :** पण्डित शशांकजी शास्त्री सागर, 72-73. **द्रोणगिरी :** पण्डित शुभमजी शास्त्री, रोहितजी शास्त्री, 74. **बदनावर (धार) :** पण्डित प्रमोदजी शास्त्री बांसवाड़ा, 75. **बावई (होशंगाबाद) (तारण-तरण) :** पण्डित संयमजी शास्त्री मडदेवरा जयपुर, 76. **सनावद (समवशरण मन्दिर) :** पण्डित रमनजी शास्त्री मौ, 77. **हरदा :** विदुषी कुसुमलताजी 78. **बेगमगंज (तारण-तरण चैत्यालय) :** पण्डित चेतनजी शास्त्री खड़ैरी जयपुर, 79. **खुरई (गुरुकुल) :** पण्डित नियम शास्त्री सिलवानी, 80. **खुरई (स्टेशन मन्दिर) :** पण्डित प्रयंक शास्त्री रहली, 81. **शाहबाद :** पण्डित भगवतीप्रसाद शास्त्री समरानिया, 82. **छिंदवाड़ा (गांधीगंज) :** विदुषी प्रतीति शास्त्री जयपुर, 83. **दलपतपुर :** पण्डित अमनजी शास्त्री दिल्ली, 84. **सुजालपुर मण्डी :** पण्डित विकासजी टीकमगढ़ कोटा, 85. **पथरिया :** पण्डित नरेन्द्रकुमारजी जबलपुर, 86. **लुकवासा :** पण्डित शाश्वतजी शास्त्री बड़ामलहरा जयपुर, 87. **गंधवानी (धार) :** पण्डित पद्मजी कोटा, 88. **भोपाल (ज्ञानोदय तीर्थ) :** विदुषी पुष्पाजी खण्डवा, 89. **सागर (महावीर जिनालय) :** ब्र. सुनीलजी शास्त्री शिवपुरी, 90. **कोलारस (चौधरी मोहल्ला) :** ब्र. दीप्ती अमायन, 91. **भोपाल (कोलार रोड़) :** पण्डित ज्ञायकजी शास्त्री सिलवानी, 92. **पचमढी :** पण्डित आशीषजी शास्त्री मड़ावरा, 93-94. **ग्वालियर (मुरार) :** पण्डित गजेन्द्रकुमारजी शास्त्री उदयपुर, पण्डित संचितजी शास्त्री ग्वालियर 95. **खड़ैरी :** पण्डित समर्थजी शास्त्री विदिशा जयपुर, 96. **खंडवा :** पण्डित सौरभजी शास्त्री इन्दौर, 97. **मंडी द्वीप :** पण्डित भूपेन्द्रजी शास्त्री विदिशा जयपुर, 98. **सागर (बालकव्यू) :** पण्डित सन्मतिजी शास्त्री मोदी, 99. **खुरई :** पण्डित राहुलजी शास्त्री अशोकनगर, 100. **होशंगाबाद (तारण समाज) :** पण्डित प्रदीपकुमारजी कुन्डा, 101. **मन्दसौर (नई आबादी) :** पण्डित सुकुमालजी शास्त्री गुना, 102. **टीकमगढ़ :** पण्डित पुनीतजी मंगलवर्धिनी भोपाल, 103. **बदरवास :** पण्डित सपनजी शास्त्री जयपुर, 104. **ग्वालियर (फालका बाजार) :** पण्डित अंकितजी शास्त्री लूणदा, 105. **गढ़ाकोटा :** पण्डित नेमीचंदजी ग्वालियर, 106. **ग्वालियर (सोडा का कुआँ) :** पण्डित रमेशजी मंगल सोनगढ़, 107. **मुक्तागिरी :** पण्डित जीवराजजी पुणे, 108. **बेगमगंज :** पण्डित कैलाशचंदजी मडावरा, 109. **इन्दौर :** पण्डित सुदीपजी इंजी. बीना, 110. **ग्वालियर (परमागम मंदिर) :** पण्डित विमलजी विजयवर्गीय, 111. **ग्वालियर (लोहामण्डी) :** पण्डित अजितजी अचल, 112. **ग्वालियर (विनय नगर) :** पण्डित सुनीलजी शास्त्री, 113. **ग्वालियर (चेतकपुरी) :** पण्डित पवनजी शास्त्री, 114-115. **सिलवानी :** पण्डित चितरंजनजी छिन्दवाड़ा, पण्डित ममितजी शास्त्री, 116. **पथरिया (तारण-तरण) :** पण्डित दीपकजी शास्त्री जयपुर, 117. **चन्देरी :** पण्डित विवेकजी शास्त्री भिण्ड, 118. **देवपालपुर-इन्दौर :** पण्डित आप्तअनुशीलनजी शास्त्री, 119. **उमरिया :** पण्डित संयमजी शास्त्री गुढाचन्द्रजी, 120. **छिन्दवाड़ा :** पण्डित ऋषभजी शास्त्री, 121. **दलपतपुर :** पण्डित निखलेशजी शास्त्री, 122. **सोनागिर :** ब्र. महेन्द्रजी शास्त्री खनियांधाना, 123. **खैरागढ :** पण्डित संदीपजी शास्त्री, 124. **लुकवासा :** पण्डित अमितजी शास्त्री, 125-126. **ज्ञानोदय तीर्थधाम :** पण्डित संयमजी शास्त्री नागपुर, पण्डित समकितजी शास्त्री खनियांधाना, 127. **मालनपुर-ग्वालियर :** पण्डित रवीन्द्रजी शास्त्री, 128-129. **मौ :** पण्डित राजेन्द्रजी टीकमगढ, पण्डित सोमिलजी शास्त्री जयपुर, 130-131. **राघौगढ :** पण्डित अमितजी शास्त्री गुना, पण्डित अशोकजी मांगुलकर, 132-135. **गोरमी :** पण्डित नीलेशजी छिन्दवाड़ा, पण्डित चेतनजी शास्त्री, पण्डित रविजी शास्त्री, पण्डित वैभवजी शास्त्री, 136. **टिमरनी :** पण्डित दर्शितजी शास्त्री बांदा, 137-138. **जावरा :** पण्डित निखिलजी शास्त्री कोतमा, पण्डित अभयजी शास्त्री ग्वालियर, 139. **वडनगर :** पण्डित संजयजी शास्त्री परतापुर, 140. **वाकल :** पण्डित अभयजी शास्त्री कोटा, 141. **विदिशा :** विदुषी परिणतिजी शास्त्री।

## महाराष्ट्र प्रांत

1. **औरंगाबाद :** पण्डित अभयकुमारजी शास्त्री देवलाली, 2. **सांगली :** ब्र. अभिनन्दनकुमारजी देवलाली, 3. **मुम्बई (बोरीवली) :** डॉ. राकेशजी शास्त्री नागपुर, 4. **मुम्बई दादर :** डॉ. मनीषजी शास्त्री मेरठ, 5. **मुम्बई (घाटकोपर) :** पण्डित धनसिंहजी पिड़ावा, 6. **मुम्बई (भायंदर-वेस्ट) :** पण्डित सुनीलजी शास्त्री राजकोट, 7. **मुम्बई (मलाड-ईस्ट) :** पण्डित राकेशजी शास्त्री दिल्ली, 8. **मुम्बई (सीमंधर जिनालय) :** डॉ. प्रवीणजी शास्त्री बांसवाड़ा, 9. **मुम्बई (एवरशाईन नगर) :** पण्डित सौरभजी शास्त्री शहपुरा, 10. **मुम्बई (एवरशाईन नगर विधान हेतु) :** पण्डित अभिनयजी शास्त्री जबलपुर, 11. **वाशी (नवी मुम्बई) :** डॉ. जयंतीलालजी मंगलायतन, 12. **मुम्बई (कांदीवली) :** पण्डित बाबूभाई मेहता फतेपुर, 13. **मुम्बई (विक्रोली) :** डॉ. शुद्धात्मप्रकाशजी गुढ़ाचन्द्रजी, 14. **मुम्बई (वसई रोड) :** पण्डित पवनजी शास्त्री मुम्बई, 15. **मुम्बई (अन्धेरी) :** डॉ. योगेशजी शास्त्री लाडनू, 16. **मुम्बई (वर्ली) :** पण्डित आकाशजी शास्त्री कोटा, 17. **नागपुर (इतवारी) :** ब्र. श्रेणिकजी जबलपुर, 18. **गजपंथा :** पण्डित प्रकाशचन्दजी झांझरी उज्जैन, 19. **जलगांव :** पण्डित अरहन्तप्रकाशजी झांझरी उज्जैन, 20. **पुणे (युवा संघ) :** पण्डित विरागजी शास्त्री जबलपुर, 21. **हिंगोली :** पण्डित पीयूषजी शास्त्री जयपुर, 22. **सोलापुर :** पण्डित धर्मेन्द्रजी शास्त्री कोटा, 23. **वाशिम (जवाहर कालोनी) :** पण्डित सुबोधजी सिंघई सिवनी, 24. **कारंजा (लाड) :** पण्डित संजयजी शास्त्री सेठी जयपुर, 25. **मालशिरस :** पण्डित सिद्धान्तजी शेट्टी जयपुर, 26. **अनसिंग :** पण्डित नन्दकिशोरजी मांगुलकर, 27. **अकोला :** ब्र. प्रवीणजी देवलाली, 28. **कोल्हापुर :** पण्डित संयमजी शास्त्री शेटे कोल्हापुर, 29. **विहीगाँव :** पण्डित सागरजी शास्त्री अलमाने बांसवाड़ा, 30. **देऊलगाँवराजा :** पण्डित ऋषभजी शास्त्री अहमदाबाद, 31. **देवलाली (विधान हेतु) :** पण्डित दीपक धवल भोपाल, 32-33. **मलकापुर :** ब्र. पुष्पाजी ज्ञानधारा उज्जैन, विदुषी ज्ञानधाराजी उज्जैन, 34. **शिरपुर :** पण्डित शिवराजजी शास्त्री स्वामी जयपुर, 35. **बाहुबली (कुंभोज) :** डॉ. नेमीनाथजी दानोली, 36-37. **नागपुर :** पण्डित अभिषेकजी शास्त्री हीरापुर, पण्डित वीतरागजी वसवडे, 38. **देवलाली :** पण्डित अंकुरजी शास्त्री भोपाल, 39. **पंढरपुर :** पण्डित अनिलजी इंजि. इन्दौर, 40. **सेनगांव :** पण्डित विनीतजी शास्त्री मुम्बई जयपुर, 41-42. **अकलूज :** पण्डित शीतलजी दोशी नातेपुते, पण्डित श्रीसान्तजी शास्त्री हिंगोली, 43. **नातेपुते :** पण्डित दिलीपजी बाकलीवाल इन्दौर, 44-46. **इचलकरंजी :** ब्र. सुधाबेन छिन्दवाड़ा, पण्डित अनिलजी आलमाने, डॉ. सुधाकर इंडी, 47. **वाशिम (सैतवाल मंदिर) :** पण्डित गौरवजी शास्त्री जयपुर, 48. **सेलु :**

पण्डित समकितजी शास्त्री गुना, 49–50. **हिंगोली :** पण्डित अमोलजी सिंघई, पण्डित पंकजजी शास्त्री, 51. **चिखली :** पण्डित मयंकजी शास्त्री जयपुर, 52–53. **सतारा :** पण्डित सम्मेदजी गांधी नातेपुते, पण्डित दीपकजी मंजलेकर, 54. **देवलाली :** पण्डित उर्वेशजी शास्त्री पिड़ावा, 55–57. **सांगली :** पण्डित महावीरजी पाटील शास्त्री, पण्डित प्रसन्नजी शास्त्री शेटे, डॉ. स्वयंप्रभा पाटील, 58. **कारंजा (वीरवाडी) :** पण्डित चिन्तामणजी शास्त्री औरंगाबाद, 59. **कारंजा (गुरुकुल) :** पण्डित सतीशजी शास्त्री गवारे, 60. **रामटेक :** पण्डित शेषकुमारजी, 61. **हराल :** पण्डित भूषण कालेगोरे शास्त्री बांसवाड़ा, 62. **कलंब :** पण्डित कुलदीपजी सावलकर शास्त्री बांसवाड़ा, 63. **बोधेगांव :** पण्डित रोहितजी शास्त्री बांसवाड़ा, 64. **अहमदनगर :** पण्डित संतोष सावजी शास्त्री, 65. **औरंगाबाद (गारखेड) :** पण्डित गुलाबचंदजी बोरालकर शास्त्री, 66–67. **डासाला :** पण्डित जितेन्द्रजी शास्त्री जयपुर, पण्डित अंकुरजी शास्त्री जयपुर, 68. **औरंगाबाद :** पण्डित जिनेन्द्रजी शास्त्री जयपुर, 69. **अक्कलकोट :** ब्र. सतेन्द्रजी मौ, 70–72. **मुम्बई :** पण्डित किशोरजी शास्त्री केसापुरी, पण्डित आदित्यजी शास्त्री खुरई, पण्डित वर्धमानजी शास्त्री देशमाने, 73. **खामगांव :** पण्डित सचिनजी शास्त्री भोपाल, 74. **हेरले :** पण्डित जिनचंदजी आलमान, 75. **आकिवाट :** पण्डित उमेशजी घोसरवाडे, 76. **भिलवडी :** पण्डित जितेन्द्रजी चौगुले, 77. **कवनूर :** पण्डित मिलिन्दजी केटकाले, 78. **उगार :** पण्डित राजेन्द्रजी सांगाव, 79. **रुकड़ी :** पण्डित स्वप्निलजी लंब, 80. **किणी :** पण्डित निशांतजी पाटिल, 81. **सेडवाल :** पण्डित अनेकान्तजी जैन, 82. **व्हन्नूर :** पण्डित संदीपजी चौगुले, 83. **आलते :** डॉ. विजयसेन पाटील, 84. **बोरगांव :** पण्डित संतोषजी मिणचे, 85. **रुई :** पण्डित अमोलजी अलमाने, 86. **वलीवडे :** पण्डित भरतजी अलगौंडर, 87. **लातूर :** पण्डित श्रेणिकजी कोरेगांव, 88–89. **पुणे :** पण्डित जितेन्द्रजी राठी, पण्डित अभिजीतजी पाटील, 90. **कोयली :** पण्डित सुरेन्द्रजी पाटील, 91. **हुपरी :** पण्डित शांतिनाथजी खोत, 92. **वसगडे :** पण्डित कीर्तिकुमार पाटील, 93. **बड़गांव :** पण्डित बालासाहेब चौगुले, 94. **माणकपुर :** पण्डित चेतनजी चौगुले, 95. **फालेगाँव :** पण्डित आकाशजी शास्त्री हलाज, 96. **महूद :** पण्डित श्रेणिक लट्ठे जयपुर, 97. **बालचन्दनगर :** पण्डित सम्मेदजी शास्त्री खोत जयपुर, 98. **मालेगांव :** पण्डित शुभम् नाके शास्त्री जयपुर, 99. **कुर्दुवाडी :** पण्डित प्रशांतजी चौगले वसवाडा, 100. **औरंगाबाद :** पण्डित संजयजी राउत शास्त्री रिसोड।

### राजस्थान प्रांत

1–4. **जयपुर (टोडरमल स्मारक) :** पण्डित रतनचन्दजी भारिल्ल जयपुर, ब्र. यशपाल जैन जयपुर, पण्डित प्रमोदजी शास्त्री शाहगढ, पण्डित जिनकुमारजी शास्त्री चेन्नई, 5. **उदयपुर (मु. मंडल) :** ब्र. सुमतप्रकाशजी खनियांधाना, 6. **जयपुर (आदर्श नगर) :** पण्डित कमलचंदजी पिड़ावा, 7. **उदयपुर (नेमीनगर) :** ब्र. निखिल भैया भायन्दर, 8. **उदयपुर (गायरीयावास) :** पण्डित पद्मकुमारजी इन्दौर, 9. **कोटा (इन्द्र विहार) :** पण्डित प्रद्युम्नजी मुजफ्फरनगर, 10. **कोटा (रामपुरा) :** पण्डित आकेशजी छिन्दवाड़ा, 11. **अलवर (मु. मंडल) :** पण्डित गुलाबचन्दजी बीना, 12. **अलवर (मुमुक्षु मण्डल) विधान :** पण्डित संयमजी शास्त्री दिल्ली, 13. **रावतभाटा :** पण्डित सुकुमालजी झांझरी उज्जैन, 14. **पिडावा :** पण्डित सुनीलकुमारजी देवरी, 15–16. **अजमेर (वी.विज्ञान भवन) :** पण्डित संजयजी पुजारी खनियांधाना, पण्डित सुनीलजी धवल भोपाल, 17. **अजमेर (वैशालीनगर) :** पण्डित अनिलजी धवल भोपाल, 18. **बून्दी (मुमुक्षु मण्डल) :** पण्डित मंथनजी गाला जयपुर, 19. **भीलवाड़ा (अजमेरों की गोठ) :** डॉ. दीपकजी जैन जयपुर, 20. **भीलवाड़ा (शास्त्रीनगर) :** विदुषी श्रुति शास्त्री जयपुर, 21. **भीण्डर :** पण्डित अश्विनजी शास्त्री नौगांवा, 22. **भीण्डर (विधान) :** पण्डित संयम देशमाने जयपुर, 23. **लूणदा :** पण्डित अमनजी शास्त्री आरौन जयपुर, 24–25. **सेमारी :** पण्डित अर्पितजी शास्त्री सेमारी, पण्डित दीपकजी शास्त्री सेमारी, 26. **कुशलगढ़ (बड़ा मन्दिर) :** पण्डित नयनजी शास्त्री बरायठा जयपुर, 27. **कुशलगढ़ (छोटा मन्दिर) :** पण्डित प्रतीकजी शास्त्री हरावत जयपुर, 28. **बिजौलिया :** पण्डित चन्दूलालजी कुशलगढ़, 29. **पीसांगन :** ब्र. रविजी ललितपुर, 30. **पीसांगन (विधान हेतु) :** पण्डित निष्कर्षजी शास्त्री नौगाँव जयपुर, 31. **देवली (अग्रवाल) :** पण्डित राहुलजी शास्त्री मुम्बई, 32. **टोकर :** पण्डित स्वप्निलजी शास्त्री सिवनी, 33. **साकरोदा :** पण्डित आकाशजी शास्त्री मौ, 34. **बीकानेर :** पण्डित विनम्रजी बड़ागांव, 35. **झालरापाटन :** पण्डित नमनजी शास्त्री खनियांधाना, 36. **चित्तौड़गढ़ (कुम्भानगर) :** पण्डित फूलचन्दजी हिंगोली, 37. **वल्लभनगर :** पण्डित अक्षयजी शास्त्री दलपतपुर, 38. **कूण :** पण्डित शुभजी शास्त्री गडाकोटा, 39. **डबोक :** पण्डित संयमजी शास्त्री तिगोडा, 40. **बारा :** पण्डित नन्दकिशोरजी गोयल विदिशा, 41. **अलीगढ़ :** पण्डित विमलजी लाखेरी, 42. **किशनगढ़ :** पण्डित पारसजी शास्त्री खेकड़ा, 43. **उदयपुर (सेक्टर–11) :** पण्डित जितेन्द्रजी मुम्बई, 44–46. **मेडतासिटी :** पण्डित अंकुर शास्त्री, सौरभजी शास्त्री, पण्डित अरविन्दजी शास्त्री, 47. **इंथालीखेडा :** पण्डित अखिलजी शास्त्री मंडीद्वीप, 48. **मेथवाला (बांसवाड़ा) :** पण्डित अचिन्तजी शास्त्री बण्डा, 49. **कोटा (मुमुक्षु आश्रम) :** पण्डित गोम्मटेशजी शास्त्री, पण्डित निलयजी शास्त्री बरायठा, 50–51. **कोटा (धरसेन विद्यालय) :** पण्डित अभिनवजी शास्त्री बंडा, पण्डित पीयूषजी शास्त्री, 52. **कोटा (छावनी) :** पण्डित प्रेमचंदजी बजाज कोटा, 53. **केलवाडा :** पण्डित विनीतजी शास्त्री पोहरी, 54. **जगत :** पण्डित प्रतीकजी शास्त्री विदिशा, 55. **बांसवाड़ा :** ब्र.राजेशजी जबलपुर, 56. **लकड़वास :** पण्डित संभवजी शास्त्री दिल्ली, 57. **शहपुरा–भीलवाड़ा :** पण्डित सुनीलजी शास्त्री नाके निम्बाहेड़ा, 58. **जयथल :** पण्डित शुभांशुजी शास्त्री जयपुर, 59. **अलवर :** पण्डित अजितजी शास्त्री अलवर, 60. **शाश्वतधाम–उदयपुर :** पण्डित राजकुमारजी शास्त्री, 61. **निवाई :** पण्डित शिखरचंदजी शास्त्री सागर, 62–64. **दौसा :** पण्डित संजयजी शास्त्री भोगांव, अध्यात्मप्रकाशजी शास्त्री कोलारस, पण्डित प्रमोदजी शास्त्री टीकमगढ, 65. **पिड़ावा :** पण्डित मनीषजी शास्त्री, 66–68. **उदयपुर :** पण्डित खेमचंदजी शास्त्री गुढाचन्द्रजी, डॉ. जिनेन्द्रजी शास्त्री, पण्डित वीरचंदजी शास्त्री, 69. **उदयपुर–देवाली :** पण्डित ऋषभजी शास्त्री अमरकोट, 70. **देवली (आदिनाथ मंदिर) :** पण्डित राहुलजी खड़ैरी, 71–72. **झालरापाटन :** पण्डित नमनजी शास्त्री खनियांधाना, पण्डित विक्रांतजी पाटनी, 73. **कानोड :** पण्डित एकांशजी शास्त्री जयपुर, 74. **जावर माइन :** पण्डित समकितजी शास्त्री बक्स्वाहा जयपुर, 75. **थानागाजी :** पण्डित आयुषजी शास्त्री जबलपुर। **जयपुर : 76. शक्तिनगर :** पण्डित परेशजी शास्त्री, 77. **सेठी चैत्यालय :** पण्डित नीशूजी शास्त्री जयपुर, 78. **बड़ा मंदिर :** पण्डित

अरुणजी बण्ड, 79. **सिवाड मंदिर :** पण्डित अभयजी शास्त्री, 80. **खजांची नसिया :** पण्डित सौरभजी शास्त्री, 81. **राधानिकुंज कॉलोनी :** पण्डित मनीषजी शास्त्री कहान, 82. **प्रताप नगर-से.17 :** पण्डित अनिलजी शास्त्री खनियांधाना, 83. **जयजवान कॉलोनी :** पण्डित राजेशजी शास्त्री शाहगढ।

### उत्तरप्रदेश प्रांत

1-2. **अलीगढ़ (मंगलायतन) :** पण्डित हितेषभाई चौवटिया मुम्बई, पण्डित अशोकजी लुहाड़िया मंगलायतन, 3. **मैनपुरी :** पण्डित कैलाशचंदजी 'अचल' ललितपुर, 4. **ललितपुर (सीमंधर जिनालय) :** विदुषी प्रमिलाजी इन्दौर, 5. **मेरठ (तीरगरान) :** ब्र. अमित भैय्या विदिशा, 6. **भौगाँव :** पण्डित अखिलेशजी शास्त्री सागर, 7. **खतौली :** पण्डित विकासजी शास्त्री बानपुर, 8. **बागपत :** पण्डित अशोकजी, उज्जैन, 9. **मडावरा :** पण्डित सुरेशजी टीकमगढ, 10. **जैतपुरकला :** पण्डित नागेशजी पिड़ावा, 11. **कानपुर (किदवईनगर) :** पण्डित अनुभवजी शास्त्री जबलपुर, 12-13. **शिकोहाबाद :** पण्डित मयंकजी शास्त्री बण्डा जयपुर, पण्डित आकाशजी शास्त्री हीरापुर जयपुर, 14-15. **ललितपुर (शीतलनाथ जिनालय) :** विदुषी वासन्तीबेन देवलाली, विदुषी प्रतीतिबेन देवलाली, 16. **धामपुर :** पण्डित चिन्मयजी शास्त्री पिड़ावा, 17. **करहल :** पण्डित विनीतजी शास्त्री आगरा, 18. **सहारनपुर :** पण्डित अभिषेक मंगलार्थी, विदुषी शिल्पीजी उभेगांव, 19. **एतमादपुर :** पण्डित विवेकजी रानीपुर, 20. **रुडकी :** पण्डित प्रमोदजी मकरोनिया, 21. **खेकड़ा :** ब्र. विमलाबेन जयपुर, 22. **अमीनगरसराय (बागपत) :** पण्डित धर्मचन्दजी जयथल, 23. **अमीनगरसराय (विधान हेतु) :** पण्डित रजतजी शास्त्री जयपुर, 24. **शेरकोट :** पण्डित प्रदीपजी शास्त्री धामपुर, 25. **सुल्तानपुर :** पण्डित धीरजजी जबेरा, 26. **बांदा :** पण्डित सुरेन्द्रजी 'पंकज' छिन्दवाड़ा, 27. **खेकड़ा (विधान) :** पण्डित कान्तिकुमारजी इन्दौर, 28. **कुरावली :** पण्डित राजीवजी शास्त्री अलवर, 29. **मुजफ्फरनगर :** पण्डित अभिषेकजी शास्त्री कोटा, 30. **उरई :** पण्डित पवित्रजी शास्त्री जयपुर, 31-32. **ललितपुर :** पण्डित भानुकुमारजी शास्त्री, पण्डित राहुलजी शास्त्री नोगांव, 33. **गुढा :** पण्डित सतीशजी पिपरई।

### गुजरात प्रांत

1. **अहमदाबाद (नवरंगपुरा) :** पण्डित निलेशभाई शाह मुम्बई, 2. **अहमदाबाद (मणीनगर) :** पण्डित सुरेन्द्रकुमारजी इन्दौर, 3. **अहमदाबाद (अमराईबाडी) :** पण्डित उदयमणिजी शास्त्री भिण्ड, 4. **अहमदाबाद (पालडी) :** पण्डित अनिलभाई दहीसर मुम्बई, 5. **अहमदाबाद (ओढव) :** पण्डित प्रतीकजी शास्त्री मुम्बई, 6. **अहमदाबाद (आशीषनगर) :** पण्डित विवेकजी जैन मुम्बई, 7. **अहमदाबाद (नरौडा) :** पण्डित श्रेयांसजी शास्त्री जबलपुर, 8. **अहमदाबाद (चैतन्यधाम) :** पण्डित सचिनजी अकलूज, 9. **अहमदाबाद (वस्त्रापुर) :** पण्डित रजनीभाई दोशी हिम्मतनगर, 10-11. **अहमदाबाद (चैतन्यधाम) :** पण्डित सचिनजी शास्त्री गढी, पण्डित मनीषजी सिद्धांत, 12. **हिम्मतनगर :** ब्र.कल्पना बेन जयपुर, 13-14. **दाहोद :** पण्डित विवेकजी शास्त्री दलपतपुर, पण्डित अभिषेकजी शास्त्री जोगी मुम्बई, 15. **रखियाल :** पण्डित रतनचन्दजी शास्त्री कोटा, 16. **बड़ौदा :** पण्डित चैतन्यजी शास्त्री कोटा, 17. **तलोद :** पण्डित देवेन्द्रजी हिम्मतनगर, 18. **वापी :** पण्डित मनोजकुमारजी जबलपुर, 19. **भावनगर :** पण्डित दीपकजी अहमदाबाद, 20. **जामनगर :** पण्डित निशंकजी शास्त्री बारासिवनी, 21. **राजकोट :** पण्डित अश्विनभाई शाह मुम्बई, 22. **राजकोट (पूजन-कक्षा) :** पण्डित वीकेशजी शास्त्री खड़ैरी, 23-24. **दाहोद :** पण्डित राकेशजी दोशी परतापुर, पण्डित वीरेन्द्रजी शाह गढी, 25. **सूरत :** पण्डित ज्ञाताजी झांझरी उज्जैन, 26. **गोमतीपुर :** पण्डित राहुलजी शास्त्री बिनौता।

### अन्य प्रांत

1. **बेलगाँव :** डॉ. हुकमचन्दजी भारिल्ल जयपुर, 2-3. **कोलकाता :** पण्डित शैलेषभाई शाह तलौद, पण्डित करणजी शाह अहमदाबाद 4. **बेलगाँव (पूजन विधान) :** पण्डित एकत्व शास्त्री खनियांधाना, 5. **बैंगलौर :** पण्डित ऋषभकुमारजी इंजीनियर इन्दौर, 6.**बैंगलोर :** पण्डित किशोरकुमारजी शास्त्री राजुरा, 7. **एरनाकुल्लम (केरल) :** पण्डित हिमांशुजी दिल्ली, 8. **यमुनानगर (हरियाणा) :** पण्डित स्वप्निलजी शास्त्री भोपाल, 9-10. **सम्मेदशिखर (कुन्दकुन्दनगर) :** पण्डित महेशजी ग्वालियर, पण्डित आलोकजी शास्त्री कारंजा, 11. **हरिद्वार (रानीपुर) :** पण्डित मोहितजी शास्त्री अहमदाबाद, 12. **गन्नोर मण्डी :** पण्डित हुकमचन्दजी राघौगढ़, 13. **कोलाघाट :** पण्डित दीपमजी शास्त्री खतौली, 14. **कोलकाता :** पण्डित अमितजी शास्त्री फुटेरा, 15. **सम्मेदशिखरजी (विधान) :** पण्डित रमेशजी गायक इन्दौर, 16. **चम्पापुर :** पण्डित जागेशजी शास्त्री जबेरा, 17. **चेन्नई (अम्बात्तूर) :** पण्डित जम्बूकुमारजी शास्त्री, 18. **चेन्नई (कोलात्तूर) :** पण्डित जयराजनजी शास्त्री, 19-20. **चेन्नई (आगमबाकम्) :** पण्डित उमापतिजी शास्त्री, पण्डित अशोककुमारजी शास्त्री, 21. **चेन्नई (पुलल) :** पण्डित विनोदकुमारजी शास्त्री, 22. **उगार :** पण्डित अनेकान्तजी शास्त्री बेलगांव, 23. **भिलाई (नेहरू नगर) :** पण्डित आशीषजी शास्त्री टीकमगढ, 24. **मनेन्द्रगढ :** पण्डित सुशीलजी भोपाल, 25. **सांकरा :** पण्डित अभिषेकजी शास्त्री रायपुर, 26-28. **रायपुर :** पण्डित नितिनजी शास्त्री, पण्डित तन्मयजी शास्त्री, पण्डित रवीन्द्रजी शास्त्री, 29. **ठाकुरगंज :** पण्डित रूपेन्द्रजी शास्त्री छिन्दवाड़ा, 30. **खड़गपुर :** पण्डित सिद्धार्थजी शास्त्री जयपुर, 31-32. **बेलगांव :** पण्डित भरतेश भोसगे, पण्डित बालासाहेब वसवाडे।

**(शेष पृष्ठ 8 पर ...)**

## स्नातक परिषद की संगोष्ठी संपन्न

**जयपुर (राज.) :** यहाँ टोडरमल स्मारक भवन में चल रहे आध्यात्मिक शिक्षण शिविर के अवसर पर दिनांक 15 अगस्त को पण्डित टोडरमल स्नातक परिषद् द्वारा '**स्वतंत्रता का उद्घोषक जैनदर्शन**' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी के अध्यक्ष पण्डित अभयकुमारजी शास्त्री एवं मुख्य अतिथि पण्डित शिखरचंदजी विदिशा व श्री दिलीपभाई शाह मुम्बई थे। अतिथियों का स्वागत पण्डित विरागजी शास्त्री जबलपुर एवं डॉ. प्रवीणजी शास्त्री बांसवाड़ा ने किया।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. नरेन्द्रकुमारजी शास्त्री जयपुर (वस्तु व्यवस्था एवं वस्तु स्वातंत्र्य), डॉ. दीपकजी जैन जयपुर (विश्व व्यवस्था एवं वस्तु स्वातंत्र्य), डॉ. योगेशजी शास्त्री लाडनू (पंच समवाय एवं वस्तु स्वातंत्र्य) एवं पण्डित अरुणजी शास्त्री जयपुर (षट्कारक एवं वस्तु स्वातंत्र्य) ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का मंगलाचरण कु. प्रतीति पाटील शास्त्री एवं संचालन डॉ. शांतिकुमारजी पाटील ने किया।

# राजुल का विलाप

– डॉ. हुकमचन्द भारिल्ल

( वैराग्य महाकाव्य के बारहवें सर्ग से साभार )

राजुल मूर्च्छित हो जाती है,
अर आँय-बाँय कुछ भी बोले।
वह बहुत सँभलती है लेकिन,
उसका तन-मन थर-थर डोले॥
मैंने क्या गलत किया प्रियवर,
क्यों मुझे छोड़कर चले गये।
इसका उत्तर देना होगा,
क्यों मुझे छोड़कर चले गये॥९॥

यदि शादी करना इष्ट न था,
तो क्यों बरात लेकर आये।
क्यों कर स्वीकार किया पहले,
मेरे सपनों में क्यों आये॥
सपनों में आकर चले गये,
यह एक बार भी न सोचा।
तेरे सपनों में रमी हुई,
इस राजमती का क्या होगा॥१०॥

इस राजमती का क्या होगा,
इसके सपनों का क्या होगा।
इसने जो स्वप्न संजोये थे,
अब उन स्वप्नों का क्या होगा?
जो बातें तुमसे करनी थी,
अब उन बातों का क्या होगा?
जो घातें तुमसे करनी थी,
अब उन घातों का क्या होगा॥११॥

क्या तुम्हें दोष दूँ हे प्रियवर,
मैं ही अभागिनी नारी हूँ।
नेमी जैसा वरराज मिला,
फिर भी आफत की मारी हूँ॥
ऐसी दुखयारी तो देखीं,
जिनके पति योग्य नहीं होते।
अत्यन्त योग्य जिसके पति हैं,
पर मैं ऐसी दुखयारी हूँ॥ १२॥


अच्छाई भी बन जाती है,
दुनियाँदारी में दोष कभी।
बैरागी होना अच्छा है,
यह कहने में संकोच नहीं॥
रे वैसे तो इस दुनियाँ में,
वैराग्य सदा है सुखदाई।
पर इस अवसर पर नेमी का,
वैरागी होना दुखदाई॥ १३॥

शादी करना है इष्ट नहीं,
ऐसा कोई संकेत न था।
उत्साह न हो इस उत्सव में,
ऐसा भी कोई चिह्न न था॥
राजुल से शादी करने का,
प्रस्ताव रखा था जब उनसे।
होकर प्रसन्न किंचित् हँसकर,
स्वीकार किया था तब उनने॥१४॥

एवं सगाई के नेगचार भी,
सभी किये थे खुशी खुशी।
अर गुरुजन के आशीर्वाद,
स्वीकार किये थे खुशी-खुशी॥
राजुल से मिलने का विकल्प,
भी उनके मन में चलता था।
मीठी-मीठी कुछ बातें हों,
ऐसा उत्साह छलकता था॥ १५॥

मैं नहीं सोचती थी ऐसा,
कि इकदम ऐसा हो सकता।
अरे कल्पना के बाहर,
ऐसा तो कभी नहीं होता॥
पर ऐसा ही हो रहा यहाँ,
लगती यह बात असंभव सी।
सब कुछ था इकदम ठीक ठाक,
यह बात किस तरह संभव थी॥१६॥

पर हुआ अचानक ऐसा क्या,
सब कुछ ठुकराकर चले गये।
हमसे कुछ कहे बिना आली,
हमको ठुकरा कर चले गये॥
हमको ठुकराकर चले गये,
सबको ठुकराकर चले गये।
होकर निष्ठुर हम सबको तज,
गिरि गिरनारी को चले गये॥१७॥




**यह चैनल टाटा स्काई के चैनल नं. 1067, एयरटेल के 687, वीडियोकॉन के 489 एवं डिश टीवी के 1107 पर है।**

(पृष्ठ 6 का शेष...)

**दिल्ली प्रांत**

1. **दिल्ली (अध्यात्मतीर्थ) :** ब्र. जतीशचन्दजी शास्त्री, पण्डित सोनूजी शास्त्री अहमदाबाद, पण्डित अनेकान्तजी शास्त्री, पण्डित सम्मेदजी शास्त्री टीकमगढ़, 5. **विश्वासनगर :** पण्डित राजेन्द्रकुमारजी जबलपुर, 6. **शिवाजी पार्क :** पण्डित निर्मलजी सागर, 7-8. **शिवाजी पार्क-वासुपूज्य जिनालय :** पण्डित सचिनजी शास्त्री सागर, पण्डित अपूर्वजी कोटा, 9. **दिल्ली :** पण्डित कैलाशजी शास्त्री बीकानेर, 10. **बसंत विहार :** पण्डित दिनेशजी कासलीवाल उज्जैन, 11. **सैनिक फार्म :** पण्डित अंचलजी शास्त्री ललितपुर, 12. **बैंक एन्क्लेव :** डॉ. विवेकजी शास्त्री, 13-14. **विश्वासनगर :** पण्डित विवेकजी शास्त्री, पण्डित मयंकजी शास्त्री अमरमऊ। 15-45. : **दिल्ली के विभिन्न उपनगरों में विद्वान प्रवचनार्थ जायेंगे, स्थानाभाव के कारण सभी के नाम देना संभव नहीं है।**

प्रकाशन तिथि : 28 अगस्त 2018

प्रति,

सम्पादक : **पण्डित रतनचन्द भारिल्ल** शास्त्री, न्यायतीर्थ, साहित्यरत्न, एम.ए., बी.एड.
सह-सम्पादक : **डॉ.संजीवकुमार गोधा**, एम.ए.द्वय, नेट, एम.फिल (जैनदर्शन), पीएच.डी. एवं **पण्डित परमात्मप्रकाश भारिल्ल**
प्रकाशक एवं मुद्रक : **ब्र. यशपाल जैन** द्वारा जैनपथप्रदर्शक समिति के लिए जयपुर प्रिण्टर्स प्रा.लि., जयपुर से मुद्रित तथा त्रिमूर्ति कम्प्यूटर्स, श्री टोडरमल स्मारक भवन, ए-४, बापूनगर, जयपुर से प्रकाशित।

*यदि न पहुँचे तो निम्न पते पर भेजें -*
ए- 4 बापूनगर, जयपुर - 302015 (राज.)
**फोन :** (0141) 2705581, 2707458
**E-Mail :** ptstjaipur@yahoo.com